दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# 12वीं की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम घोषित, 59.07 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**3,271 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 1,931 हुए पास; 1,123 विद्यार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में, 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण**

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला, 21 अगस्त : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा (जुलाई-2026) का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 1,931 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। बोर्ड के अनुसार परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 प्रतिशत रहा। परिणाम में 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। यह परीक्षा कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट, प्रदर्शन सुधार , अतिरिक्त विषय तथा डिप्लोमा धारक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आगे की शिक्षा और करियर के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। परीक्षार्थी अपना परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## 4 सितंबर तक पुनर्मूल्यांकन और पुन: जांच के लिए आवेदन : डा. राजेश शर्मा



बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने कहा कि बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनः जांच की सुविधा भी प्रदान की है। इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की ऑनलाइन प्रणाली पर आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए 1,000 रुपये प्रति विषय और पुनः जांच के लिए 800 रुपये प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 4 सितंबर 2026 है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे तथा निर्धारित शुल्क के बिना किए गए आवेदन मान्य नहीं होंगे। बोर्ड अध्यक्ष ने कंपार्टमेंट श्रेणी में रहने वाले विद्यार्थियों से निराश न होने और आगामी अवसर के लिए अधिक मेहनत करने का आह्वान किया।

पंजाब केसरी
SAT,22 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# एच.पी. बोर्ड 12वीं अनुपूरक परिणाम घोषित, 59.07 प्रतिशत छात्र हुए पास

## 3271 में से 1931 परीक्षार्थी पास और 1123 आए कंपार्टमैंट श्रेणी में

धर्मशाला, 21 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक इस परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 1,931 छात्र उत्तीर्ण रहे। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 रहा, जबकि 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमैंट श्रेणी में आए हैं और केवल 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। यह परीक्षा कंपार्टमैंट, प्रदर्शन सुधार, अतिरिक्त विषय और डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की गई थी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने नतीजे जारी करते हुए सफल रहे विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बोर्ड अध्यक्ष ने सफल छात्रों को आगे की पढ़ाई पूरे आत्मविश्वास से करने की सलाह दी, वहीं कंपार्टमैंट आए विद्यार्थियों को हताश न होकर आगामी अवसर के लिए अधिक मेहनत करने का आह्वान किया।

### अंक सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

**परीक्षार्थी** अपना परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर चैक कर सकते हैं। छात्रों की सहूलियत के लिए प्रमाण-पत्रों की प्रतियां डिजी लॉकर पर भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसके अलावा जो परीक्षार्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे अपने विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की वैबसाइट पर ऑनलाइन पुनर्मूल्यांकन व पुन: जांच के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके लिए पुनर्मूल्यांकन शुल्क 1,000 रुपए प्रति विषय और पुन: जांच शुल्क 800 रुपए प्रति विषय तय किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 4 सितम्बर 2026 रखी गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि केवल ऑनलाइन माध्यम से और निर्धारित शुल्क के साथ प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा।

Divya Himachal Dt.22-08-26



# 1931 छात्रों ने पास की अनुपूरक परीक्षा

नगर संवाददाता-धर्मशाला

■ जमा दो का 59.07 प्रतिशत परिणाम, 1123 की कंपार्टमेंट

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने कक्षा 12वीं की जुलाई-2026 अनुपूरक परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 1,931 उत्तीर्ण रहे। परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 रहा। 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रहे, जबकि दो परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम है।

## छात्रों को दिया एक और मौका

बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुन: जांच की सुविधा भी प्रदान की है। इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए 1,000 रुपए और पुन: जांच के लिए 800 रुपए प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि चार सितंबर है। बोर्ड के अनुसार आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे और निर्धारित शुल्क के बिना किए गए आवेदन मान्य नहीं होंगे।

# AAPKA FAISLA Dt. 22-08-2026

## 12वीं अनुपूरक परीक्षा का परिणाम जारी, 3,271 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 1,931 हुए उत्तीर्ण, 59.07 प्रतिशत रहा परिणाम : बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा

**धर्मशाला, ( आपका फैसला )।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा (जुलाई-2026) का परिणाम आज घोषित कर दिया गया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1,931 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 प्रतिशत रहा। वहीं 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। यह परीक्षा कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट, प्रदर्शन सुधार (Improvement of Performance), अतिरिक्त विषय तथा डिप्लोमा धारक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा एवं करियर के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही, कंपार्टमेंट श्रेणी में रहने वाले विद्यार्थियों से निराश न होने और आगामी अवसर के लिए और अधिक मेहनत करने का आह्वान किया। परीक्षार्थी अपना परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर देख सकते हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए उनके प्रमाण-पत्रों की प्रतियां DigiLocker पर भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः जाँच की सुविधा भी प्रदान की गई है। इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन प्रणाली के जरिए आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए 1,000 प्रति विषय तथा पुनः जाँच के लिए 800 प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे तथा निर्धारित शुल्क के बिना किए गए आवेदन मान्य नहीं होंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को पुनः बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी उपलब्धि को आगे की शिक्षा और उज्ज्वल करियर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बनाएं।

## बाल स्कूल ज्वालामुखी में सुरेश कुमार ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

**ज्वालामुखी, ( आपका फैसला )।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल ज्वालामुखी में सुरेश कुमार ने प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।स्कूल स्टाफ ने गर्मजोशी से नए प्रधानाचार्य का स्वागत किया। सुरेश कुमार इससे पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरोली कोहला में प्रधानाचार्य थे।आज सुबह प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल में सभी विद्यार्थी अनुशासन का पालन करें क्योंकि अनुशासित विद्यार्थी ही सभ्य समाज की नींव होती है। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि बाल स्कूल को एक आदर्श स्कूल बनाना उनका प्रथम लक्ष्य है।

Amarujala Dt.22-08-26

# 12वीं कक्षा का अनुपूरक परीक्षा का परिणाम जारी

धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई में ली 12वीं कक्षा की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा में 3,271 अभ्यर्थी अपीयर हुए थे। इनमें से 1,931 अभ्यर्थी पास हुए हैं, 1,123 की कंपार्टमेंट आई है। दो फेल हुए हैं। परिणाम 59.07 फीसदी रहा है। साथ ही अभ्यर्थी 1000 रुपये की फीस के साथ पुनर्समीक्षा और 800 रुपये शुल्क के साथ पुनर्निरीक्षण के लिए 4 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। ब्यूरो

Dainik Jagran Dt.22-08-26

# 12वीं की अनुपूरक परीक्षा में 1931 विद्यार्थी उत्तीर्ण


**धर्मशाला** : स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शुक्रवार को 12वीं कक्षा की अनुपूरक परीक्षा ( जुलाई-2026) का परिणाम घोषित किया। 3,271 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 1,931 उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम 59.07 प्रतिशत रहा है। 1,123 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट व दो अनुत्तीर्ण हुए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामना दी। (जासं)

Dainik Bhaskar Dt.22-08-26

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड: 12वीं सप्लीमेंट्री का रिजल्ट जारी, 59.07% विद्यार्थी पास

धर्मशाला| हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जुलाई 2026 में हुई कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। परीक्षा में 3,271 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 1,931 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। परीक्षा का पास प्रतिशत 59.07% रहा। वहीं 1,123 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट मिली, जबकि दो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। प्रमाणपत्रों की प्रतियां डिजिलॉकर पर भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। अंकों से असंतुष्ट विद्यार्थी 4 सितंबर 2026 तक पुनर्मूल्यांकन या पुनः जांच के लिए आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन शुल्क 1,000 और पुनः जांच शुल्क 800 रुपए प्रति विषय है।

# Class 12 Supplementary Exam Results Declared; Pass Percentage Stands at 59.07%: Dr. Rajesh Sharma



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA AUG 21 : The Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala, declared the results for the Class 12 supplementary examination (July 2026) today. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma congratulated the successful students and wished them a bright future.

According to the results released by the Board, a total of 3,271 candidates appeared for the Class 12 supplementary examination, out of whom 1,931 passed. The overall pass percentage was 59.07%. Meanwhile, 1,123 candidates were placed in the 'compartment' category, and 2 candidates failed. This examination was conducted for students appearing for compartment, improvement of performance, additional subjects, and diploma courses. Extending his best wishes to the successful students, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that their success is the result of their hard work, dedication, and persistent effort. He encouraged the students to move forward with confidence in their future education and careers. He also urged students placed in the compartment category not to lose heart but to work even harder for future opportunities. Candidates can view their results on the official website of the Himachal Pradesh Board of School Education, www.hpbose.org. For the convenience of candidates, copies of their certificates are also being made available on DigiLocker. The Board has also provided facilities for the re-evaluation and re-checking of answer sheets. Interested candidates can apply through their respective schools using the online system available on the Board's website. The Board clarified that applications will be accepted only via the online mode, and applications submitted without the prescribed fee will not be valid. Congratulating the successful students once again, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma expressed hope that they would treat this achievement as a significant step towards further education and a bright career.

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
21 अगस्त, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# 12वीं अनुपूरक परीक्षा का परिणाम जारी

# 3,271 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 1,931 हुए उत्तीर्ण, 59.07 प्रतिशत रहा परिणाम : डॉ. राजेश शर्मा

**शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है परीक्षा परिणाम**

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा (जुलाई-2026) का परिणाम आज घोषित कर दिया गया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1,931 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 प्रतिशत रहा। वहीं 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए।



यह परीक्षा कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट, प्रदर्शन सुधार (इंप्रूवमेंट ऑफ परफॉर्मेंस), अतिरिक्त विषय तथा डिप्लोमा धारक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा एवं करियर के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही, कंपार्टमेंट श्रेणी में रहने वाले विद्यार्थियों से निराश न होने और आगामी अवसर के लिए और अधिक मेहनत करने का आह्वान किया।

परीक्षार्थी अपना परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर देख सकते हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए उनके प्रमाण-पत्रों की प्रतियां DigiLocker पर भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः जांच की सुविधा

बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः जांच की सुविधा भी प्रदान की गई है। इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन प्रणाली के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

पुनर्मूल्यांकन के लिए 1,000 रुपये प्रति विषय तथा पुनः जांच के लिए 800 रुपये प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे तथा निर्धारित शुल्क के बिना किए गए आवेदन मान्य नहीं होंगे।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को पुनः बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी उपलब्धि को आगे की शिक्षा और उज्ज्वल करियर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बनाएं।

RV7 NEWS
— सच है तो दिखेगा —

# समाचार

धर्मशाला, शनिवार
21 अगस्त, 2026

www.rv7news.in

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड:
# 12वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा के नतीजे घोषित, 59.07% विद्यार्थी पास



## कुल 3,271 में से 1,931 परीक्षार्थियों ने मारी बाजी, 1,123 को मिली कंपार्टमेंट

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने जुलाई 2026 में आयोजित कक्षा 12वीं की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया है। इस वर्ष परीक्षा में शामिल हुए 59.07 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। बोर्ड अध्य डॉ. राजेश शर्मा ने नतीजे जारी करते हुए सभी सफल परीक्षार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### आंकड़ों में कैसा रहा परिणाम?

बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस अनुपूरक परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थी बैठे थे। इनमें से 1,931 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जबकि 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रखे गए हैं। केवल 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं। यह परीक्षा मुख्य रूप से उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी जो कंपार्टमेंट, प्रदर्शन सुधार (Improvement), अतिरिक्त विषय या डिप्लोमा धारक श्रेणी में आते हैं।

### वेबसाइट और डिजिलॉकर पर रिजल्ट उपलब्ध

विद्यार्थी अपना विस्तृत परीक्षा परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट
**www.hpbose.org**
पर जाकर चेक कर सकते हैं।
इसके अलावा, डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए उनके प्रमाणपत्रों की प्रतियां 'DigiLocker' पर भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं, ताकि वे आसानी से अपने दस्तावेज सुरक्षित रख सकें।

### पुनर्मूल्यांकन का भी दिया गया मौका

बोर्ड ने उन विद्यार्थियों को भी राहत दी है जो अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं। ऐसे परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन (Revaluation) या पुनः जाँच (Rechecking) के लिए आवेदन कर सकते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| | पुनर्मूल्यांकन शुल्क | ₹1,000 प्रति विषय |
| | पुनः जाँच शुल्क | ₹800 प्रति विषय |
| | अंतिम तिथि | 4 सितंबर 2026 |

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि ये आवेदन केवल संबंधित विद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन प्रणाली द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे। बिना निर्धारित शुल्क के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

> "निराश न हों, सफलता कदम चूमेगी"
> - डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

**Himachal Dastak Dt.22-08-26**

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम किया जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1,931 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 प्रतिशत रहा, वहीं 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। यह परीक्षा कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट, प्रदर्शन सुधार, अतिरिक्त विषय तथा डिप्लोमा धारक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी।

**Anant Gyan Dt. 22-08-2026**

# 12वीं अनुपूरक परीक्षा का परिणाम जारी, 3271 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 1931 उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा (जुलाई-2026) का परिणाम घोषित कर दिया गया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं की अनुपूरक परीक्षा में कुल 3,271 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1,931 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 59.07 प्रतिशत रहा। वहीं 1,123 परीक्षार्थी कंपार्टमेंट श्रेणी में रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए। यह परीक्षा कक्षा 12वीं के कंपार्टमेंट, प्रदर्शन सुधार अतिरिक्त विषय तथा डिप्लोमा धारक परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

AUGUST 22, 2026 SATURDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

# HPBOSE CLASS 12 SUPPLEMENTARY RESULTS DECLARED: 59% PASS IN JULY EXAM REDEMPTION

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

The Himachal Pradesh Board of School Education has officially declared the Class 12 supplementary examination results, bringing a wave of relief and celebration for thousands of high schoolers across the state. Out of 3,271 candidates who sat for the July session, 1,931 cleared the hurdles, locking in an overall pass rate of 59.07 percent. The high-stakes exam served as a critical redemption shot for students tackling compartment categories, improvement of performance, additional subjects, and diploma pathways. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma congratulated the victorious candidates, praising their grit, persistence, and focus. He urged them to carry that momentum forward into higher education and ambitious careers, while encouraging the 1,123 students placed in the compartment pool not to lose heart, as another opportunity to bounce back is always around the corner. Only two candidates failed the examination outright.

Students eager to check their scores can access their scorecards immediately on the official portal at hpbose.org, with verified digital credentials also heading to DigiLocker for seamless verification. For candidates looking to challenge their marks, the board has opened the window for re-evaluation and re-checking. Discontented students can file online applications through their respective schools until September 4, 2026, with fees set at ₹1,000 per subject for re-evaluation and ₹800 per subject for re-checking. The board made it clear that only fee-paid, strictly online submissions will be processed before the final doors close.

